
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# हज 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की तैयारी, किरेन रिजिजू ने मुसलमानों से की खास अपील, कांग्रेस पर भी बोला हमला।

Publisher
Published on 04 Jul 2025



## केद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने हज 2025 को बताया सबसे सफल यात्रा, हज 2026 के आवेदन जल्द शुरू होंगे, कांग्रेस पर अल्पसंख्यकों के वोट बैकं की राजनीति करने का लगाया आरोप।

**हज यात्रा : हज 2026** के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू करने की तैयारी, **किरेन रिजिजू** ने मुसलमानों से की खास अपील, कांग्रेस पर भी बोला हमला। देशभर के मुस्लिम समुदाय के लिए हज यात्रा को लेकर बड़ी खबर आई है। **केद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू** ने शुक्रवार (4 जुलाई, 2025) को हज समीक्षा बैठक के बाद घोषणा की कि **हज 2026** के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया एक सप्ताह में शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने हज 2025 को हाल के वर्षों की सबसे सफल **हज यात्रा** बताया और समय पर आवेदन करने की अपील की।

### हज 2025 को बताया सफलतम यात्रा

**केद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू** ने कहा कि **हज 2025 यात्रा** का संचालन बेहद व्यवस्थित और सफलतापूर्वक किया गया। उन्होंने कहा, "मुझे गर्व है कि हज 2025 हाल के इतिहास की सबसे अच्छी प्रबंधित यात्राओं में से एक थी। हमने बहुत सारी चुनौतियों के बावजूद इसे सफल बनाया।"

उन्होंने बताया कि इस बार **हज यात्रा के दौरान 64 लोगों की मृत्यु** हुई, जबकि पिछले साल यह **संख्या 200** से अधिक थी। उन्होंने कहा कि सभी मौतें अलग-अलग कारणों से हुईं, जिनमें से कई स्वास्थ्य संबंधी थीं।

**हज 2026 के लिए तैयारियां शुरू**

**किरण रिजिजू** ने कहा, "हज 2026 के लिए हमने आज से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं। मैं सभी तीर्थयात्रियों से अनुरोध करता हूं कि जैसे ही आवेदन प्रक्रिया शुरू हो, वे समय रहते आवेदन करें ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी से बचा जा सके।"

उन्होंने बताया कि एक सप्ताह बाद से **हज 2026** के लिए **ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन** शुरू हो जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि **सरकार हज यात्रियों** को हर संभव सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**कांग्रेस पर तीखा हमला**

मीडिया से बातचीत के दौरान रिजिजू ने विपक्षी दलों, खासकर कांग्रेस पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा, "पिछले 75 वर्षों से कांग्रेस पार्टी और कुछ अन्य दल अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने मुसलमानों को डराकर और गुमराह करके राजनीतिक लाभ उठाया है।"

उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों को जितनी सुविधाएं भारत में मिलती हैं, उतनी दुनिया के किसी देश में नहीं मिलतीं, लेकिन फिर भी विपक्षी दल डर फैलाने का काम कर रहे हैं।

रिजिजू ने कहा, "कांग्रेस पार्टी ने मुसलमानों को गरीबी में रखा और अब उन्हीं के नाम पर राजनीति कर रही है। यह बंद होना चाहिए। इसका सबसे बड़ा नुकसान मुसलमानों को हुआ है, कांग्रेस को नहीं।"

**मुसलमानों से की खास अपील**

केंद्रीय मंत्री ने देशभर के मुसलमानों से अपील की कि वे राजनीति में न उलझें और हज यात्रा जैसे पवित्र कार्यों के लिए समय से तैयारी करें। उन्होंने कहा, "सरकार सभी धर्मों के लोगों को समान रूप से सेवा देने के लिए काम कर रही है। हज यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं।"

**हज 2026** की तैयारियों के साथ ही किरेन रिजिजू ने साफ कर दिया है कि **केंद्रं सरकार अल्पसंख्यक** समुदाय के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए यह भी कहा कि अब अल्पसंख्यकों को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने की राजनीति खत्म होनी चाहिए। आने वाले दिनों में **हज यात्रा की रजिस्ट्रेशन** प्रक्रिया शुरू होते ही लाखों मुसलमान अपनी यात्रा की तैयारी शुरू कर देंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.